# छात्रावास-आश्रमों के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग के स्कूलों, छात्रावासों, आश्रमों में रहने वाले छात्र, छात्राओं के लिए शासन के द्वारा निर्माण कार्य करवाकर सम्पूर्ण सुविधा मुहैया करवाने का प्रयास कर रही है तो वहीं निर्माण एजेंसी परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. इकाई 12 छिन्दवाड़ा एवं मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल के द्वारा छात्रावास आश्रमों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें घटिया निर्माण कार्य सामग्री लगाकर आश्रम और छात्रावास भवनों को इस तरह से रंग रोगन कर दिया जाता है कि अंदर की निर्माण सामग्री कैसे लगी है इसका मुल्यांकन आम अधिकारी नहीं कर पाते है। जबकि निर्माण करते समय ही निर्माण एजेंसी के साथ ही संबंधित विीाग के अधिकारी और प्रशासनिक









अधिकारी यदि देख लें तो निश्चित रूप से कार्यवाही हो सकती है। बताया जाता है कि गिट्टी, मिट्टी, रेत, सीमेंट का उपयोग घटिया अर्थात अमानक स्तर का करते हुए निर्माण किया जाता है जिससे आश्रम और छात्रावास भवन आने वाले समय में टपकेंगे और फिर ठेकेदार और निर्माण एजेंसी का कुछ नहीं हो पायेगा।

वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड और पी.आई.यू. के अधिकारी मनमाने तरीके से निर्माण कार्य क रहे है और ठेकेदारों से मनमानी चढ़ोत्तरी प्राप्त कर उसके ऐब को छुपा देते है। यही कारण है कि रंगाई पुताई कर बिल्डिंग हेंड ओवर करने के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग में दबाव बनाते है जबकि अधिकांश छात्रावासों में अभी भी सभी कार्य पूर्ण नहीं हुए है की जानकारी मिली है।

## विधि विधान से धनवंतरी का पूजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ पवन नेमा द्वारा धनवंतरि दिवस एवं नौवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नेमा क्षारसूत्र संस्थान में भगवान धनवंतरि पूजन व हवन के साथ कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहन लाल नेमा के हस्ते पौधा रोपण किया गया। इसके साथ ही आयुष विभाग व प्रदेश शासन



द्वारा दी गई थीम श्वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 23 बच्चो को पुरुस्कारों का वितरण किया गया। साथ ही स्वस्थ दिनचर्या के बारे में माताओं को बताया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा 7 वैद्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आकाश दौड़के, चांद भलावी आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. रश्मि पवन नेमा द्वारा किया गया।

### सार समाचार

## प्रदेश में 52 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 15 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तर इंडियन कराटे प्रतियोगिता में जिला छिंदवाड़ा- 52 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान पर तथा 27 गोल्ड के साथ शहडोल द्वितीय स्थान एवं 14 गोल्ड के साथ मंडला तीसरे स्थान पर रहा।

मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन से अधिकृत 15 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तर इंडियन कराटे प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन का समापन शासकीय पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज छिंदवाड़ा के स्पोर्ट्स हॉल में समापन हुआ। उदघाटन प्राचार्य लक्ष्मीकांत के मुख्य आतिथ्य एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर सुशील पटवा की विशेष उपस्थिति में किया गया था। प्रतियोगिता संयोजक मध्य प्रदेश के कराते प्रमुख राजेंद्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता 6 वर्ष से लेकर 21 से अधिक वर्ष के विभिन्न वजन वर्ग में आयोजित की गई थी, इसमें मेजबान छिंदवाड़ा सहित 20 जिले भोपाल, झाबुआ, सीहोर, उज्जैन, शाजापुर, बैतूल, बालाघाट, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, मंडला, राजगढ़, रायसेन, पांढुरना के




600 से अधिक खिलाडीयो ने भाग लिया।

प्रतियोगिता मुख्य रेफ्री सिहान ओमकार मोहबे, हनुमान तिवारी, श्याम दुपारे, अजय चौधरी, रविन्द्र जायसवाल, प्रमोद विश्वकर्मा, सेंसेई हेमा बोरगांवकर, सेंसेई कविता थापा, सेंसेई रजनी नवरेती, आन्या सोनी, सेंसेई दिनेश कोरे द्वारा संपन्न करवाई गई।

## जनसुनवाई में सुनीं 57 आवेदकों की समस्यायें जिला कलेक्टर ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 57 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम भजिया निवासी बसोडी चन्द्रवंशी ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने व गरीबीरेखा का खाद्यान्न दिलाने, ग्राम ढोडामुआर के सभी ग्रामवासियों ने भूमि तक सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था बनाये जाने के लिये बिजली ट्रांसफार्मर लगवानेए ग्राम सलखनी निवासी कमलेश प्रजापति ने ब्रेन हेमरेज के ऑपरेशन के लिये आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पुलपुलडोह निवासी राजेन्द्र डेहरिया ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम सोनपुर निवासी शांति बाई चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम धगड़ियामाल निवासी चेतन इनवाती ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, अमरवाड़ा के रमेश प्रसाद साहू (सेवानिवृत्त) ने व्दितीय समयमान वेतनमान का एरियस दिलाने, ग्राम खुटिया निवासी लाटू मर्सकोले ने अतिवर्षा के कारण मकान दीवार गिरने पर मुआवजा दिलाने, ग्राम इमलिया बोहता निवासी श्रीमती सुखवती कवरेती ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने आदि की मांग शामिल है।

## आयुर्वेद औषधालय सिंगोड़ी में मनाया धनवंतरी का प्रकटोत्सव



### डॉक्टरों ने किया पूजन अर्चन

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी जी की जयंती पर आज विशेष पूजा अर्चना की गई एवं प्रकटोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग सिंगोड़ी के समस्त कर्मचारियों ने इस पावन अवसर पर आयुर्वेद विभाग के औषधालय भवन सिंगोड़ी में भगवान धन्वंतरी जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती की और उनके आयुर्वेद की दवाईयो के बारे में निरोग काया के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात महाप्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद को चढ़ाया गया वहीं नवम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस भी इसी उपलक्ष्य में सिंगोड़ी आयुर्वेद सेंटर में मनाया गया। 9 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ सुवर्णा सूर्यवंशी ने बताया कि हर व्यक्ति निरोगी रहे स्वस्थ रहे खुश रहे और आयुर्वेद की जड़ी बूटी एवं दवाईयां से स्वास्थ्य का लाभ ले ताकि लोग स्वस्थ एवं निरोगी रहें और जन-जन तक आयुर्वेद पहुंचे इसी कल्पना के साथ आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी जी की पूजा अर्चना कर इस दिवस को सभी आयुष कर्मी ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुवर्णा सूर्यवंशी, डॉ. संस्कृति शुक्ला, आयुष विभाग के रामेश्वर ठाकुर, संगीता तेकाम, देवीप्रसाद डेहरिया, विजय शर्मा, रामभरोस मालवी, योगेश चौरसिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी सहित आयुष विभाग के सभी कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बैडमिंटन प्रतिभा खोज प्रारंभ, पहले दिन 40 बच्चों ने दिया ट्रायल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय जूनियर मिनी सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 अक्टूबर को स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा खिलाड़ियों को तराशा जा रहा है आज खेले गए प्रथम चरण के मुकाबले में छिंदवाड़ा के खिलाड़ी अग्रणी रहे। आज बालिका व बालक वर्ग के 40 मैच खेले गए इस अवसर पर स्पर्धा में भाग ले रहे।

खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस, स्पर्धा सचिव जावेद खान, रविकांत अहिरवार, हरीश खंडेलवाल, तरुण विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, अरविंद गिरहटकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि 29 अक्टूबर को सभी वर्ग के दूसरे चरण के मुकाबले खेले गए अंतिम चरण के मुकाबले आज 30 अक्टूबर को खेले जावेंगे तथा फाइनल मुकाबले के बाद पुरुस्कार वितरण के साथ समापन होगा।

निर्णायक एवं चयनकर्ता के रूप में कोमल साह, आर्यन खन्ना, आकाश गोराई, अशवंत मार्को, भाविक धुर्वे, अक्षत शुक्ला ने सहयोग किया। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्पर्धा जबलपुर व इंदौर में भाग लेंगे।

# रेत माफिया बेखौफ, प्रशासन बेबस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में रेत माफिआओं की गतिविधियां इस कदर हावी हो चुकी हैं कि उन्हें रोकना असंभव सा प्रतीत होता है। इन माफिआओं की बेलगाम हरकतों ने कानून और नियमों की धज्जियां उड़ा दी हैं। स्थिति यह है कि जो भी अधिकारी इन्हें रोकने की कोशिश करता है, उसका तबादला तय माना जाता है। नतीजतन प्रशासनिक अधिकारी चाहकर भी इन पर लगाम नहीं कस पा रहे हैं। आम जनता त्रस्त है और इनकी दबंगई देखकर लोगों का कहना है कि इस बार का धनतेरस और दीवाली असल में रेत माफिआओं का त्योहार बन चुका है।




### ओवरलोड डंपर से बदहाल सड़कों की स्थिति

रेत माफिया खुलेआम नियमों की अवहेलना करते हुए बिना रॉयल्टी के ओवरलोड डंपर और हाइवा को तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। इन भारी वाहनों की वजह से पांढुर्णा की सड़कें बदहाल हो चुकी हैं। ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि यात्रियों और स्थानीय निवासियों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़कों पर फैली हुई धूल और रेत के कारण आम जनता को रोजाना प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यातायात सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गई है।

### राजस्व को करोड़ों का नुकसान

बिना रॉयल्टी और प्रशासनिक अनुमति के इन ओवरलोड डंपरों के चलने से शासन को करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है। रेत माफिआ अपने फ ायदे के लिए इस काले धंधे को बेधड़क अंजाम दे रहे हैं, और इसका सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है। अगर यही स्थिति बनी रही तो पांढुर्णा जैसे छोटे जिले में विकास कार्यों के लिए आवश्यक फंड की कमी हो सकती है। यह सवाल उठता है कि क्या शासन-प्रशासन इस राजस्व हानि को गंभीरता से लेगा और माफिआओं पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

### नो एंट्री में भी खुलेआम एंट्री

रेत माफिआओं की हिम्मत इतनी बढ़ चुकी है कि वे नो एंट्री के समय में भी धड़ल्ले से अपने डंपरों को शहर की सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। आमतौर पर नो एंट्री समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक होती है ताकि यातायात सुचारू रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। लेकिन रेत माफिआ इन नियमों की पूरी तरह से अनदेखी कर रहे हैं, जिससे आम जनता को खतरे का सामना करना पड़ रहा है। नियमों की इस अनदेखी में एक मुख्य और चिंताजनक पहलू यह सामने आया है कि शहर सीमा पर तैनात पुलिसकर्मी अन्य बड़े वाहनों को रोकते हैं, लेकिन रेत माफिआओं के ओवरलोड डंपरों को खुलेआम शहर में प्रवेश की अनुमति देते हैं। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर क्यो प्रशासन माफिआओं के दबाव में है। प्रशासन की इस उदासीनता पर सवाल उठना लाज़मी है कि आखिर कब तक माफिआ नियमों को ताक पर रखकर अपनी मनमानी करते रहेंगे।

### सड़को पर उड़ती धूल में सांस लेते लोग

ओवरलोड तेज रफ्तार डंपरों से उड़ती धूल और रेत का सीधा असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सड़कों पर हर वक्त धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। ये धूलकण श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बन सकते हैं, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए। प्रशासन की उदासीनता के कारण लोग मजबूरी में इस प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। त्योहार के समय पर जब लोग स्वच्छ वातावरण की उम्मीद करते हैं, ऐसे में यह धूल-धुएं से भरा माहौल उनकी खुशियों पर पानी फेर रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

पांढुर्णा जिले में रेत माफिआओं की इस दबंगई और नियमों की अवहेलना के बावजूद प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। आखिर क्यों इन माफिआओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आम जनता प्रशासन से उम्मीद कर रही है कि वह जल्द से जल्द इन माफिआओं पर कड़ी कार्रवाई करे और सौंसर क्षेत्र में स्थित रेत की अवैध खदानों और ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाए। जब तक शासन-प्रशासन जागेगा नहीं, तब तक पांढुर्णा जिले की जनता को रेत माफिआओं की इस मनमानी और आतंक का सामना करना पड़ेगा।

### इनका कहना है

अभी कलेक्टर सर का कॉल आ रहा है उन्हें अवगत कराती हूं।

**नेहा सोनी,**
**एस.डी.एम. पांढुर्णा**

नो एंट्री के समय रेत डंफरो की जो एंट्री हो रही है। उस पर आज कार्यवाही कराते है बाकी ओवरलोड डंफरो को यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही करनी चाहिए।

**बृजेश भार्गव**
**एस.डी.ओ.पी. पांढुर्णा**

अभी स्टाप की कमी है बाकी चेकिंग की जाती है। और अब आगे भी कार्यवाही करेंगे।

**धर्मवीर सिंह नागर,**
**एस.डी.ओ.पी. सौंसर**

यातायात थाने में स्टाफ की भारी कमी है जिसको लेकर हमने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। बाकी आगे से हम बिना रॉयलटी ओर ओवरलोड चल रहे डंफरो पर भी कार्यवाही करेंगे।

**आकांशा सहारे,**
**यातायात प्रभारी पांढुर्णा**

# जिले में हुआ रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में जिले में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने एकता का संदेश देने के लिए बड़े उत्साह से भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन आज सुबह 8 बजे पुलिस लाइन से हुआ जहां सांसद विवेक बंटी साहू और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ की शुरुआत की। यह दौड़ पुलिस लाईन से शुरू होकर शहर के फव्वारा चौक से होते वापिस पुलिस लाईन में समाप्त हुई। सांसद श्री साहू और कलेक्टर श्री सिंह ने स्वयं भी इस दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में नगर निगम महापौर विक्रम अहके, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य शेषराव यादव, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय अन्य अधिकारी, पुलिस बल के जवान, खिलाड़ी और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल थे। उपस्थित सभी लोगो ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का लाईव प्रसारण भी देखा गया।



सांसद एवं कलेक्टर, एसपी ने दिखाई हरी झण्डी

### सांसद बंटी साहू और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने युवाओं को सरदार पटेल से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को एक कर एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा– सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष का खिताब दिया गया, क्योंकि उनकी इच्छाशक्ति ने देश को एकजुट किया।

उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी अपनी एकता को मजबूत बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों से भी सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन को पढ़ने और उनके विचारों को अपनाने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनसे प्रेरणा ले सकें। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को सराहा और कहा कि पटेल की अदम्य इच्छाशक्ति और धैर्य के कारण ही इतने विशाल देश को एकजुट किया जा सका। उन्होंने युवाओं से एकजुटता के महत्व को समझने और समाज में इसे फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा– पटेल जी के योगदान के कारण आज भारत एकता का प्रतीक है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि उनकी इस विरासत को बनाए रखें।

### राष्ट्रीय एकता दिवस दीपावली के कारण 29 अक्टूबर को हुआ आयोजन

भारत में हर वर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। हालांकि इस बार दीपावली के उत्सव के कारण राज्य शासन ने राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 29 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों से प्रश्नोत्तरी की गई जिसमें सही जवाब देने पर एक प्रतिभागी को सांसद विवेक बंटी साहू के द्वारा रामायण भेंट की गई।

## एक नवम्बर को मनाया जायेगा म.प्र. स्थापना दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार 01 नवम्बर 2024 को म.प्र. स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। हालाकि म.प्र. के साथ साथ छिन्दवाड़ा जिले का स्थापना दिवस एक नवम्बर को आता है।

सार समाचार

## ये दिवाली होगी स्वदेशी दिये वाली: एसडीएम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमारा संकल्प है कि ये दिवाली स्वदेशी वाली होगी फिर वह भारत की मिट्टी से बने सुंदर दीये हैं या भारत के कपास से बने सुंदर वस्त्र हों या फिर गौ माता के दूध से बने सुंदर मिष्ठान हो या फिर आकर्षक रोशनी कुल मिलाकर इस बार दीपावली महापर्व पर घर में जो भी सामग्री आवेगी उसमें भारत की मिट्टी की खुशबू आएगी तभी हमारी शुभ दीपावली कह लाएगी।

उक्त मार्मिक उदगार छिंदवाड़ा एस.डी.एम. सुधीर जैन ने व्यक्त किए दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए सुंदर मिट्टी के दियों के स्टाल के शुभारंभ पर। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन, ए.सी.ओ. पुरुषोत्तम राजोरिया सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दिव्यांग बच्चों के हाथों से बने सुंदर दिए की सराहना कर उन्हे खरीदा एवं उनसे ही दीपावली की पूजन करने का निर्णय लिया। दिव्यांग बच्चों का मनोबल बढ़ाने एवं शुभाशीष देने के लिए सभी अधिकारियों का आधार फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती



सरिता महेश किंथ ने आभार व्यक्त किया और शुभ दीपावली कहा।

भाजपा का अथ भ्रष्टाचार जननी पार्टी हैश्इस अर्थ को छिन्दवा?ा संसदीय क्षेत्र में केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार के साथ ही स्थानीय भाजपा नेता पूरी तरह सही साबित कर रहे हैं। पैर से लेकर सिर तक भाजपा के नेताए पदाधिकारी व कार्यकर्ता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण नगर पालिका परिषद दमुआ के अध्यक्ष है जिन्होंने अपने पद का दुरूपयोग और भाजपा पार्टी की धमक के दम पर अपने सगे दामाद को नौकरी पर लगा रखा है। उक्त बयान जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सुभाष गुलबाके पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने व्यक्त किये हैं।

## भाजपा शासनकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला: सुभाष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** न.पा.प. दमुआ के पूर्व अध्यक्ष सुभाष गुलबाके ने अपने बयान में आगे कहा कि एक ओर भाजपा के सांसद भ्रष्टाचार के खिलाफ फोन करने का पूरा राजनीतिक ड्रामा कर जनता के सामने भाजपाइयों को पाक साफ बताने की कोशिशि कर रहे, जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कार्यकर्ता छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में भाजपा भ्रष्टाचार जननी पार्टी की भ्रष्टाचारी परम्परा को पूरी ताकत व मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में जुटे हुये हैं। इतना ही नहीं भाजपा के संरक्षण प्राप्त शासकीय अधिकारी व कर्मचारी भी आमजन से बेझिझक रिश्वत मांग रहे। 14 मई 2024 से 8 अक्टूबर 2024 तक आधा दर्जन से अधिक रिश्वतखोरी के मामले सामने आ चुके। इतना सब कुछ होने के बाद भी भाजपा के नेताओं ने इस हद तक बेशर्मी लाद रखी है कि दमुआ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष किरण खातरकर के खिलाफकोई आवाज उठाने को तैयार है ना ही जिला कलेक्टर ही कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं, क्योंकि भाजपा की सरकार में नौकरी से ज्यादा चाकरी महत्वपूर्ण हो चुकी है।

श्री गुलबाके ने अंत में कहा कि अब देखना यह होगा कि भाजपा के सांसद दमुआ नगर पालिका परिषद में फैले भ्रष्टाचार को रोकने न.पा.प. अध्यक्ष किरण खातरकर को कब फोन करते हैं। जिला कलेक्टर इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिये कठोर कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा पाते हैं या नहीं, क्योंकि उनकी नाक के नीचे कलेक्ट्रेट परिसर में 14 मई 2024 को ग्राम जमुनिया के पटवारी रोहित मालवी को रिश्वत लेते लोकायुक्त ने दबोचा, 23 मई 2024 को परासिया तहसील में पटवारी कमल गढ़ेवाल, 2 अगस्त 2024 को सब इंजीनियर हेमंत कुमार जैन को, 29 अगस्त 2024 को एस.आई. जितेन्द्र यादव, 27 सितम्बर 2024 को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तामिया में बाबू सतीश तिवारी व 8 अक्टूबर 2024 को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पटवारी भवन में पटवारी राधेश्याम चौरिया को रिश्वत लेते लोकायुक्त ने दबोचा है। इसका साफ अर्थ है कि सत्ता व शासन के गठजोड़ से भ्रष्टाचार हो रहा है।

# बैठक में रबी सीजन सिंचाई योजना पर चर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और सांसद विवेक बंटी साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, चौरई के पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से आगामी रबी सीजन के दौरान जिले में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जिले में कुल 01 वृहद, 01 मध्यम, 107 लघु जलाशय और 38 स्टॉप डेम/बैराज उपलब्ध हैं जिनसे सिंचाई की योजना बनाई गई है।

बैठक में वर्ष 2024-25 के रबी सीजन में कुल 79,829 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि नहरों का संचालन शुरू करने से पहले सभी नहरों की मरम्मत एवं साफ सफाई कार्य सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही स्टॉप डेम एवं बैराज के गेट निर्धारित समय में लगाए जाएं ताकि जल प्रवाह निर्बाध रूप से हो सके।

कलेक्टर श्री सिंह ने पेंच व्यपवर्तन परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए ताकि अगले वर्ष में सिंचाई के रकबे को बढ़ाया जा सके। उन्होंने आगामी 15 नवंबर से नहरों को चालू करने के निर्देश दिये ताकि जिले के अंतिम छोर के किसानों को भी समय पर सिंचाई के लिए पानी मिल सके। साथ ही मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को निर्देशित किया गया कि जल की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग के सामंजस्य से कमाण्ड क्षेत्र के बाहर के किसानों को नहरों एवं बांधों से मोटर पंप लगाने की अनुमति दी जाए।

## अक्टूबर माह का राशन प्राप्त करने के लिये अंतिम 2 दिन शेष

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति अधिकारी छिंदवाड़ा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नवीन व्यवस्था के अनुसार माह अक्टूबर-2024 की राशन सामग्री के वितरण कार्य 31 तारीख तक ही पूर्ण किया जायेगा। चूंकि राशन वितरण के लिये मात्र 02 ही दिवस शेष रह गये हैं। उन्होंने नवीन व्यवस्था के अंतर्गत सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि माह अक्टूबर- 2024 का राशन इस माह की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2024 तक आवश्यक रूप से सभी पात्रता पर्ची वाले उपभोक्ता प्राप्त करें।

## वनाधिकार पट्टे वाले क्षेत्र में फौती नामांतरण का प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन की योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को जहां वनाधिकार के पट्टे दिए गए है उन्हें आने वाले समय में यदि कोई घटना होती है तो फौती नामांतरण कैसे किया जाना है परिजनों के नाम से इस आशय को लेकर स्थानीय वन विभाग के संवाद भवन में वन रक्षक और डिप्टी रेंजरो की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उप वन मण्डल अधिकारी परासिया, वनाधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को जरूरत पड़ने पर फौती नामांतरण कैसे किया जाऐं इसकी बिन्दुवार बारीक से बारीक जानकारी दी गई ताकि पट्टेदारों को और उनके परिवारजनों को किसी प्रकार की फौतीनामा को लेकर कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। एस.डी.ओ. फारेस्ट ने स्पष्ट कहा कि फौती नामांतरण के समय परिवार की पूरी जानकारी प्राप्त कर और पूरी तरह दस्तावेजी संतुष्टी के बाद ही फौती



पश्चिम वन मण्डल सामान्य के द्वारा संवाद भवन में बिन्दुवार कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि भविष्य में नामांतरण की कार्यवाही करें का प्रशिक्षण संवाद सदन में दिया गया बाद में समापन हुआ।

छाया- शेख अल्फाज

# 1250 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की घोषणा



## मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा के आडिटोरियम हॉल में देखा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 12,850 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह कार्यक्रम आयुर्वेद दिवस के मौके पर आयोजित किया गया, जिसमें पी एम नरेन्द्र मोदी ने आयुर्वेद के क्षेत्र में हो रहे विकास और उसकी आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उपयोगिता पर बल दिया।

इसके साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश में 3 नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया जो राज्य की चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही एक नई पहल के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की योजना का भी शुभारंभ हुआ। इससे वरिष्ठ नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य लाभ मिलने में आसानी होगी।

इस कार्यक्रम को मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा के ऑडिटोरियम हॉल में भी वर्चुअल माध्यम से देखा व सुना गया, जहां सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अजय सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए इस पहल पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है जिससे समाज के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार हो रहे हैं और जल्द ही देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा होगी जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

## शर्तों का उल्लंघन हुआ तो रद्द होगा लाइसेंस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्थानीय जेल बगीचे में अस्थाई रूप से पटाखे की दुकान हेतु भूमि का आवंटन नियम एवं शर्तों के आधार पर किया गया है। इसी क्रम मंगलवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम एवं एसडीएम कार्यालय के दल ने संयुक्त निरीक्षण किया। दल द्वारा सभी दुकानदारों को क्लास ए फायर सुरक्षा उपकरण, वॉटर टाइप फायर वॉल, पानी एवं बाल्टियों में रेत रखने हेतु निर्देशित किया गया। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि शासन के सभी नियमों का पालन करें अन्यथा जुर्माना किया जा कर लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इस दल में सहायक फायर ऑफिसर अभिषेक दुबे, एसडीएम कार्यालय से विनोद बालसराफ आदि थे।